FOUNDATION FOR A SMOKE-FREE WORLD

Foundation for a Smoke-Free World ने प्रारंभिक स्वास्थ्यए विज्ञान और प्रौद्योगिकी एजेंडे का साझा किया और बायोमार्कर विकास के लिए लाखों डॉलर का प्रस्ताव निवेदन जारी किया

.एजेंडे पर टिप्पणी करने के लिए लोगों को आमंत्रित किया गया

न्यूयॉर्कए 16 अगस्तए 2018ए

Foundation for a Smoke-Free World ने अपना प्रारंभिक स्वास्थ्यए विज्ञान और प्रौद्योगिकी (एचएसटी) एजेंडा ;

https://www.smokefreeworld.org/our-areas-focus/preliminary-health-science-technology-agendaद्ध प्रकाशित करने की घोषणा की है और जनता को टिप्पणी के लिए आमंत्रित किया है। फाउंडेशन ने बड़े पैमाने पर विशेषज्ञों से परामर्श के जरिये प्रारंभिक एजेंडा तैयार किया है और धूम्रपान पर सबसे हालिया महामारी संबंधी डाटा की समीक्षाए धूम्रपान की स्थिति पर फाउंडेशन के सर्वेक्षण निष्कर्षों ;https://www.smokefreeworld.org/state-smokingद्ध तथा इस क्षेत्र में शोध कमियों पर हालिया काम की समीक्षा की है।

यह प्रारंभिक एजेंडा तीन क्षेत्रों में किए गए कार्यों की रूपरेखा तय करता हैः

.ग्राहकोंए फिजिशियनों और नियामकों के धूम्रपानए धूम्रपान से मुक्ति और नुकसान में कमी से जुड़े सवालों का जवाब देने के लिए शोध की निधीकरण और जिन देशों में सर्वाधिक धूम्रपान करने वाले रहते हैंए वहां की शोध क्षमता की मजबूतीकरण

.अधिक प्रभावी धूम्रपान मुक्ति के साधनों के लिए नवोन्मेषण को प्रोत्साहित करने वाले निधीकरण तंत्र का निर्माण और किफायती निवारण तक पहुंच में सुधार तथा निम्न तथा मध्य आय वाले देशों में कम जोखिम वाले उत्पादों के लिए तंत्र विकास

.प्रगति के मूल्यांकन के लिए डाटा संग्रहण और विश्लेषण तथा ग्राहकोंए शोधकर्ताओंए अन्य अंशधारकों तथा खुद फाउंडेशन के कार्यों की सूचना देने के लिए निधीकरण

फाउंडेशन ने 15 सितंबरए 2018 तक अपनी वेबसाइट

https://www.smokefreeworld.org/our-areas-focus/preliminary-health-science-technology-agenda#feedback द्व के जरिये प्रारंभिक एजेंडे पर टिप्पणी के लिए आमंत्रित किया है । फाउंडेशन इन टिप्पणियों की समीक्षा करेगी और उन्हें एजेंडे के अंतिम रूप में शामिल करने पर विचार करेगीए जिसे नवंबर 2018 में प्रकाशित करने का लक्ष्य रखा गया है।

Foundation for a Smoke-Free World के प्रबंध निर्देशकए मुख्य स्वास्थ्यए विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी अधिकारी फरहाद रियाही ने कहाए ७धूम्रपान आज भी विश्व में मौत और अपंगता का एकमात्र सबसे बड़ा निवारण योग्य कारण है। मौजूदा परिप्रेक्ष्य में एक अरब लोग इस सदी में धूम्रपान के कारण समय पूर्वमौत का शिकार हो जाएंगे। हम उन सभी लोगों को आमंत्रित करते हैं जो हमारे प्रारंभिक स्वास्थ्यए विज्ञान और प्रौद्योगिकी एजेंडे की समीक्षा और टिप्पणी के जरिये धूम्रपान से मुक्ति अभियान को गति देने में दिलचस्पी रखते हैं। हम उन सभी धूम्रपान करने वालों और उनके परिजनोंए शोधकर्ताओंए नवोन्मेषकों तथा नवोन्मेषण का वित्त पोषण करने वालोंए स्वास्थ्य सेवा प्रोफेशनल्सए जो धूम्रपान करने वालों को इसका परित्याग करने में मददए उनके स्वास्थ्य जोखिम में कमी लाने का प्रयास कर रहे हैंए और नीति निर्धारकों की प्रतिक्रिया सुनना चाहते हैं।८

फाउंडेशन ने बायोमार्कर विकास के लिए लाखों डॉलर का प्रस्ताव निवेदन जारी किया है।

अपने प्रारंभिक स्वास्थ्यए विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी एजेंडे के साथ-साथ फाउंडेशन तंबाकू और निकोटिन के उस प्रभाव का उद्देश्यपरक बायोमार्कर विकसित करने के लिए प्रस्ताव निवेदन (आरपीएफ) https://www.smokefreeworld.org/our-areas-focus/request-proposal-biomarkers-nicotine-product-use द्व जारी कर रही हैए जो निकोटिन आपूर्ति के विभिन्न उत्पाद समूहों (मसलनए सिगरेटए स्मोकलेस तंबाकूए वेप्स तथा निकोटिन स्थानापन्न थेरापी) के बीच अंतर बता सके।

धूम्रपान की लत खत्म करने के लिए शोध की जरूरत होगीए जिसमें परंपरागत और उभरते निकोटिन उत्पादों का इस्तेमाल करते हुए पद्धतियों एवं परिणामों का उपयोग करने के लिए अधोमुखी अध्ययन शामिल है। फाउंडेशन का हाल ही में बायोमार्कर परिदृश्य का किया गया सर्वेक्षण दर्शाता है कि अभी कोई बायोमार्कर या बायोमार्कर का पैनल नहीं है जो विभिन्न निकोटिन और तंबाकू उत्पादों के इस्तेमाल के बीच विश्वसनीय अंतर बता सके या दोहरे या कई इस्तेमाल की पहचान कर सके। ये अध्ययन उद्देश्यपरक बायोमार्कर के एक्सपोजर और इस्तेमाल की स्थिति का बड़ा लाभ देंगे जिससे स्वयं मूल्यांकन और सर्वेक्षण पर निर्भरता में कमी आएगी।

Foundation for a Smoke-Free World में रेगुलेटरी साइंस के निदेशक और तंबाकू उत्पादों के लिए फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन सेंटर के पूर्व प्रमुख टाक्सिकालजिस्ट ब्रायन एरकिलाए विद्यावाचस्पतिए ने कहाए ७हमने शोधकर्ताओं से उनकी प्राथमिकताओं और जरूरतों के बारे में साक्षात्कार कियाए इससे बिल्कुल स्पष्ट हो गया कि उद्देश्यपरक बायोमार्कर का निष्पादन बड़े पैमाने पर लोगों द्वारा विभिन्न उत्पादों के इस्तेमाल पर शोध की गुणवत्ता और विश्वसनीयता में सुधार लाएगा और फाउंडेशन इस क्षेत्र में शोध एवं नवोन्मेषण को सहयोग देने में अहम योगदान कर सकती है।८

फाउंडेशन पूर्ण शोध प्रस्तावों को विकसित करने के अनुदान संभावनों को कार्यान्वित करने के लिए बायोमार्कर विशेषज्ञता रखने वाले आवेदकों को आमंत्रित करती है। इसके बाद फाउंडेशन तीन 2.वर्षीय बायोमार्कर शोध परियोजनाओं को वित्तपोषित करेगीए प्रत्येक का बजट 3 मिलियन डॉलर तक होगा और कुल अधिकतम अनुदानित बजट 9 मिलियन डॉलर का होगा। बायोमार्कर मेंबायोसेंसरोंए पहनने योग्य यंत्र तथा अन्य यंत्रों के जरिये परंपरागत बायोमार्कर तथा डिजिटल बायोमार्कर दोनों को शामिल किया जाएगा।

बायोमार्कर सौंपने की प्रक्रिया का विस्तृत ब्योरा फाउंडेशन की वेबसाइट https://www.smokefreeworld.org/our-areas-focus/request-proposal-biomarkers-nicotine-product-use द्ध पर उपलब्ध है। ये प्रस्ताव 28 सितंबरए 2018 तक हैं।

Foundation for a Smoke-Free World के बारे में

Foundation for a Smoke-Free World एक स्वतंत्र गैर-लाभकारी संस्था है जिसका मकसद इस पीढ़ी को धूम्रपान से मुक्ति दिलाते हुए वैश्विक स्वास्थ्य में सुधार लाना है।

फाउंडेशन के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया देखेंरू www.smokefreeworld.org.